आकाशवाणी शिमला

24.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त की जारी– 9 करोड़ 80 लाख से अधिक किसान लाभान्वित।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आई.आई.टी. मण्डी से रक्षा क्षेत्र में नए अनुसंधान करने का किया आहवान।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा–प्रदेश के सभी आदर्श स्वास्थ्य संस्थान अत्याधुनिक उपकरणों से होंगे लैस।
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए चम्बा जिला डेल्टा रैंकिंग में देशभर में दूसरे स्थान पर।

पीएम–किसान निधि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आज छठी वर्षगांठ है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश के लगभग 9 करोड़ 80 लाख किसानों को योजना की 19वीं किश्त जारी की। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..........

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के भागलपुर में हुए एक कार्यक्रम में बटन दबाकर 22 हजार 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण केन्द्र सरकार की प्राथमिकता है और उनके उत्थान के लिए पिछले 10 वर्षों में अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की हर रसोई में भारत का कम से कम एक व्यंजन अवश्य शामिल होना उनका सपना है।नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार कृषि उत्पादों के निर्यात, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है।

राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आई.आई.टी. मण्डी से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए रक्षा क्षेत्र में नए अनुसंधान करने का आहवान किया है। आई.आई.टी. मण्डी के 16वें स्थापना दिवस के मौके पर राजनाथ सिंह ने आज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मण्डी जिला संवाददाता...........

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ए.आई. तकनीक से रक्षा क्षेत्र के लिए नए कार्य करने की जरूरत है ताकि इसे और मजबूत किया जा सके। उन्होंने आई.आई.टी. मण्डी के स्थापना दिवस समारोह में अपने सम्बोधन में रक्षा क्षेत्र में नए अनुसंधान करने पर बल दिया।

रक्षामंत्री ने कहा कि भारत आज रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है और लगभग 70 फीसदी रक्षा सामग्री देश में ही तैयार हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023–24 में भारत ने 23 हजार करोड़ रूपए की रक्षा सामग्री का निर्यात किया जिसे वर्ष 2029 तक 50 हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर सामने आएगा। रक्षामंत्री ने आई.आई.टी. मण्डी के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी इस मौके मौजूद रहे।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला स्थित राजभवन में अरूणाचल प्रदेश व मिजोरम के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर राज्यपाल ने हिमाचल में रहने वाले इन राज्यों के नागरिकों को हिमाचली टोपी व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देते हैं।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला की हसन वैली में व्यूइंग डैक के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। आज शिमला में बैठक में उन्होंने बताया कि इसके लिए 18 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत वाली डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस परियोजना के तहत 9 रस्सियों की सहायता से लगभग 6 सौ वर्ग मीटर का ग्लास व्यूइंग डैक निर्मित किया जाएगा।

धनीराम

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश के सभी आदर्श स्वास्थ्य संस्थान विश्व स्तरीय मानकों की जरूरी मशीनों व उपकरणों से लैस किए जाएंगे। उन्होंने आज शिमला में एक बैठक में कहा कि प्रदेश में सरकार द्वारा 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक जबकि लाहौल स्पिति जिले में दो आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाए जाएंगे। धनीराम शांडिल ने बताया कि इन संस्थानों में सार्वजनिक–निजी भागीदारी के आधार पर सीटी स्कैन सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निविदाएं खोलने को मंजूरी दी गई है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात विधानसभा क्षेत्र की रजैंई पंचायत के सनेड़ गांव में 27 लाख रूपए से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक भटियात क्षेत्र के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ दिया जाएगा और पर्यटक स्थल भी विकसित किए जाएंगे। कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि इलाके में करोड़ों रूपए की विकास योजनाओं का निर्माण कार्य जारी है।

आकांक्षी जिला

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चम्बा जिले को नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में देश भर में दूसरे स्थान पर आंका गया है। इसके लिए जिले को पांच करोड़ रूपए का नकद पुरस्कार मिला है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि नीति आयोग ने इसके लिए जिला प्रशासन से 10 मार्च तक प्रस्ताव मांगे हैं और प्रशासन इन्हें बनाने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिले को ये पुरस्कार आकांक्षी जिला कार्यक्रम के बेहतर कार्यान्वयन के लिए दिया गया है।

रोपवे

राज्य सरकार ने कुल्लू बस अड्डे से पीज पैराग्लाइडिंग स्थल तक 80 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से एरियल रोपवे के निर्माण को मंजूरी दी है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि पीज गांव सड़क से लगभग 12 किलोमीटर दूर है और रोपवे के निर्माण से पर्यटकों सहित स्थानीय

लोगों को परिवहन का विकल्प उपलब्ध होगा। इस रोपवे की लम्बाई एक किलोमीटर से अधिक होगी और इससे साहसिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आम तौर पर साफ बना रहा। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते कल से आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। इसके अलावा 27 व 28 फरवरी को कुछ स्थानों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

''मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त की जारी– 9 करोड़ 80 लाख से अधिक किसान लाभान्वित।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आई.आई.टी. मण्डी से रक्षा क्षेत्र में नए अनुसंधान करने का किया आहवान।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा–प्रदेश के सभी आदर्श स्वास्थ्य संस्थान अत्याधुनिक उपकरणों से होंगे लैस।
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए चम्बा जिला डेल्टा रैंकिंग में देशभर में दूसरे स्थान पर।